दिनांक 24 जनवरी को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ कार्यालय में एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में माननीय अध्यक्ष व समस्त सदस्य प्रबंध समिति, प्राचार्य, समस्त सदस्य व छात्र प्रतिनिधि, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, इत्यादि उपस्थित रहें। बैठक में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा विकसित प्रपत्र के माध्यम से छात्रों/प्रबन्ध समिति के सदस्यों, अध्यापकों एवं पूर्व छात्रों से ली गई प्रतिपुष्टि (फीडबैक) प्रस्तुत की गई। फीडबैक में दिये गये सुझावों का विश्लेषण किया गया। प्रबन्ध समिति द्वारा फीडबैक के बिन्दुओं पर विचार–विमर्श करके छात्रों एवं महाविद्यालय हित को देखते हुयें निम्नलिखित कार्यसूची को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।

1. वार्षिक गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट (ए.क्यू.ए.आर.) 2020–21 को मामूली सुधार के बाद नैक वेबसाईट पर अपलोड करना।
2. महाविद्यालय में दिव्यांगजनों को गुणवत्तापूर्वक शिक्षा देने और उन्हें समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए आवश्यक सुविधाऐं प्रदान की जायेगी।
3. महाविद्यालय में छात्र अधिष्ठाता केन्द्र/छात्र सहायता केन्द्र के लिए स्थान का आवंटन किया जायेगा।
4. महाविद्यालय द्वारा प्रारम्भिक तौर पर छछरपुर को गोद लिया जायेगा। जिससे ग्रामीणों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति और जीवन स्तर में सुधार आ सके।
5. आनलाईन अध्ययन के लिए स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना की जायेगी।
6. आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के कार्यों एवं बैठकों हेतु अधिकाधिक डिजिटल एवं आधुनिक तकनीकी के प्रयोग पर बल दिया जायेगा।
7. किसानों की समस्या के निवारण हेतु महाविद्यालय में एक किसान सुविधा केन्द्र की स्थापना की जायेगी।
8. संस्थान की वेबसाईट का अग्रगामी उन्नयन।
9. संस्थान में अतिरिक्त शौचालयों विशेषतः महिला प्रसाधनों की स्थापना की जायेगी।
10. संस्थान में जलपान गृह को सुचारू से चलाने हेतु उचित व्यवस्था की जायेगी।
11. संस्थान में वाई–फाई कनेक्शन सुदृढ किया जायेगा।
12. संस्थान में अनुशासन बनाये रखने के लिए अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की जायेगी।
13. संस्थान में भूतपूर्व छात्र परिषद की स्थापना की जायेगी।
14. महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग समिति को मूलभूत सुविधाऐं उपलब्ध कराई जायेगी।
15. कोरोना काल के बाद मानसिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना की जायेगी।

16.03.2022

(डा0 प्रताप चौधरी)
समन्वयक. आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
जनता वैदिक कॉलिज, बडौत

Co-ordinator
IQAC
Janta Vedic College
Baraut (Baghpat)-250611 (U.P.)

(प्रो0 जय कुमार सरोहा)
प्राचार्य व अध्यक्ष आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
जनता वैदिक कॉलिज, बडौत

प्राचार्य
जनता वैदिक कॉलिज
बड़ौत (बागपत)

(श्री योगेन्द्र सिंह सोलंकी)
सचिव, प्रबन्ध समिति
जनता वैदिक कॉलिज, बडौत

मन्त्री
जाट शिक्षा सभा
बड़ौत (बागपत)

(श्री वीरेन्द्र पाल सिंह)
अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति
जनता वैदिक कॉलिज, बडौत

अध्यक्ष
जनता वैदिक कॉलिज
बड़ौत (बागपत)